**NEWS CLIPPING: 06.06.2020**

**HINDUSTAN**

# पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

## जागरूकता

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

शहर में जगह-जगह शुक्रवार को पौधरापण करके पर्यावरण दिवस मनाया गया। शिक्षण संस्थानों ने इसको लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें छात्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और लोगों से वातावरण को शुद्ध रखने के लिए पौधे लगो की अपील की

**पर्यावरण को लेकर होगा समझौत :** पर्यावरण को लेकर जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद पर्यावरणीय स्थिरता के क्षेत्र में परस्पर सहयोग तथा अकादमिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के साथ समझौता करेगा।

**सौ पौधे रोपे :** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिड टाउन और जे आर सी की पर्यावरण बचाने की मुहिम। सौ पौधे लगा कर जैव विविधता बनाए रखने की अपील की। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन एच तीन फरीदाबाद की सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड तथा जूनियर रेडक्रास ने रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिड टाउन के सहयोग से पर्यावरण दिवस पर पौधे रोप कर पर्यावरण बचाने पर बल दिया।

## छात्रों ने पोस्ट बनाकर लोगों को संदेश दिया

धीरज नगर स्थित एम. आर. कॉन्वेंट स्कूल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ऑनलाइन पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें कक्षा छटी से आठवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रों को सभी छात्रों को अपनी इच्छा से पर्यावरण से संबंधित पोस्टर बना कर उसमे रंग भरे। पल्लवी, पूजा,कृष्णा,दिव्या, हर्षिता,सागर, ऋषभ, गायत्री, रीता आदि विद्यार्थियों ने बहुत सुन्दर चित्र बनाये। इसके लिए एक घंटे का समय दिया गया। विद्यालय की मुख्यअध्यापिका ऋतु गौतम ने बताया कि कोरोना के चलते स्कूल बंद होने के कारण प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित की गयी, जिसमें सभी बच्चों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया।

**NEWS CLIPPING: 06.06.2020**

## PUNJAB KESARI

# जे.सी. बोस विवि पर्यावरणीय स्थिरता के क्षेत्र में एसोचैम के ग्रीन एवं इको-फ्रेंडली मूवमेंट में भागीदार बनेगा

फरीदाबाद, 5 जून (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद पर्यावरणीय स्थिरता के क्षेत्र में परस्पर सहयोग तथा अकादमिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के साथ समझौता करेगा।

समझौते के प्रारूप को आज विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्रकृति संरक्षण के लिए विज्ञान तथा इंजीनियरिंग विषय पर आयोजित एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार के दौरान अंतिम रूप दिया गया। समझौते के तहत विश्वविद्यालय एसोचैम के ग्रीन एंड इको-फ्रेंडली मूवमेंट (जीईएम) में सहयोग देगा। एसोचैम-जीईएम द्वारा पर्यावरण अनुकूल ग्रीन बिल्डिंग डिजाइन और निर्माण को बढ़ावा देने के लिए स्थिरता प्रमाणन कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन विज्ञान भारती, उन्नत भारत अभियान, एसोचैम जीईएम और सी.पी. कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड जैसे सरकारी, सामाजिक एवं औद्योगिक क्षेत्र के सहयोगी संगठनों के सहयोग से किया गया था। वेबीनार में देश एवं विदेशों से 400 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

वेबीनार में प्रकृति संरक्षण के लिए वैज्ञानिक हस्तक्षेप के महत्व पर पैनल चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें उद्योग, शिक्षा और गैर-सरकारी संगठन से जुड़े वक्ता स मिलित हुए। यह सत्र उद्योगों से संबंधित पर्यावरण मैत्री प्रक्रिया पर केंद्रित था, जिसमें हरित प्रक्रिया, हरित उत्पाद, उद्योग में जल उपयोग दक्षता, उचित जीवन चक्र मूल्यांकन और स्थिरता विश्लेषण के बाद नए उत्पादों को शुरू करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

इस सत्र में आईआईटी, दिल्ली से उन्नत भारत अभियान के राष्ट्रीय सह-समन्वयक डॉ. विवेक कुमार मु य वक्ता रहे। सत्र को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री ए.के. विद्यार्थी, राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम से एनजी लक्ष्मीनारायण, आदित्य बिडला में महाप्रबंधक वीके अवस्थी, ऑरगेनिका वाटर में सीनियर प्रोग्राम डायरेक्टर समीर शर्मा तथा और एसोचैम-जीईएम के वरिष्ठ निदेशक नीरज अरोडा ने भी संबोधित किया।

**NEWS CLIPPING: 06.06.2020**

**THE PIONEER**

# जेसी बोस में अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पर्यावरणीय स्थिरता के क्षेत्र में परस्पर सहयोग तथा अकादमिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के साथ समझौता करेगा। समझौते के प्रारूप को आज विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 'प्रकृति संरक्षण के लिए विज्ञान तथा इंजीनियरिंग' विषय पर आयोजित एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार के दौरान अंतिम रूप दिया गया। समझौते के तहत विश्वविद्यालय एसोचैम के ग्रीन एंड इको-फ्रेंडली मूवमेंट (जीईएम) में सहयोग देगा।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

**NEWS CLIPPING: 06.06.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# विज्ञान में अनुसंधान की आवश्यकता पर बल

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** जेसी बोस यूनिवर्सिटी में प्रकृति संरक्षण के लिए विज्ञान व इंजीनियरिंग विषय पर एक वेबीनार का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरणीय स्थिरता के क्षेत्र में परस्पर सहयोग व अकैडमिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से असोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया के साथ समझौते को अंतिम रूप दिया गया। समझौते के तहत यूनिवर्सिटी इस संस्थान के ग्रीन एंड इको-फ्रेंडली मूवमेंट में सहयोग देगा। इस वेबीनार में लगभग 400 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसका उद्घाटन प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार विजय ने किया। वहीं अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने की।